(ख) अब तक किन-किन सोसाइटियों ने कितना-कितना धन दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास जमा करवा दिया है तथा यह धन कब से जमा करवाया गया है;

(ग) इन सोसाइटियों को किन-किन क्षेत्रों में भूमि उपलब्ध कराई गई है, तथा उस भूमि को कब तक विकसित किये जाने की संभावना है ; और

(घ) क्या नए सदस्य बनाने पर कोई प्रतिबंध है, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

शहरी विकास मंत्री (श्रीमती शीला कौल) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही हैं तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

सवाई माधोपुर से जयपुर के बीच बड़ी लाइन

454. **डा० अबरार अहमद** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सवाई माधोपुर से जयपुर के बीच बड़ी लाइन बिछाये जाने के काम की क्या प्रगति है तथा इस काम को शीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए अधिक धन का प्रावधान न करने के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या यह जानकारी है कि सवाई माधोपुर और जयपुर के बीच चलने वाली सभी रेल गाड़िया दिल्ली-बम्बई की बड़ी लाईन की गाड़ियों के यात्रियों को जयपुर तथा राजस्थान के अन्य हिस्सों में ले जाती हैं जिनमें राजधानी, डीलक्स तथा फ्रंटियर मेल के यात्री होते हैं; और उनकी सुविधा के लिए सवाई माधोपुर तथा जयपुर के बीच चलने वाली इन रेल गाड़ियों में डीजल इंजन, वातानुकूलित डिब्बे व अच्छे स्लीपर कब तक लगाये जायेंगे ; और

(ग) क्या सवाई माधोपुर तथा जयपुर के बीच कोई तेज गति की गाड़ी चलाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) 31-5-1991 को इस कार्य की प्रगति 3.5 प्रतिशत थी । 1991-92 में इस परियोजना के लिए 12 करोड़ रूपये की राशि की व्यवस्था की गयी है जो प्रारम्भिक चरणों में कार्य की प्रगति के लिए पर्याप्त है ।

(ख) जी हां, लेकिन फिलहाल न तो सवाई माधोपुर-जयपुर खंड में यात्री गाड़ियों को डीजल इंजन से चलाने का कोई प्रस्ताव है और न ही इन गाड़ियों में वातानुकूल स्थान की व्यवस्था करने का । इन गाड़ियों में अच्छे किस्म के शयनयान की व्यवस्था की गयी हैं ।

(ग) जी नहीं ।

कृषि यन्त्रों का आयात

455. **डा० अबरार अहमद** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ऐसे कौन-कौन से कृषि यन्त्र हैं जिनका आयात किया जा रहा है और क्या हाल ही में हुए रुपये के अवमूल्यन से इनके आयात में कोई कमी आयेगी और कृषि उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार ऐसे कृषि उत्पादों का खरीद मूल्य बढ़ाने का विचार कर रही है जिनका निर्यात किया जाता है तथा अवमूल्यन के परिणामस्वरूप जिनके मूल्य बढ़ने की संभावना है, यदि हां, तो कितने और कब तक तथा इन उत्पादों के नाम क्या-क्या हैं ; और

(ग) क्या सरकार आयात किये जाने वाले कृषि यन्त्रों अथवा कृषि सामग्री पर कोई राजसहायता प्रदान करेगी ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामाचन्द्रन) : (क) 1987-88 तथा 1988-89 के दौरान जिन उपकरणों के आयात होने की सूचना मिली है उसकी सूची अनुबंध में दी गई है ।